BSF

जीवन पर्यन्त कर्तव्य

# BSF समाचार

**OCT 2020-JAN 2021**



# संपादकीय

सीमा सुरक्षा बल के बहादुर प्रहरियों,

बल के सजग जवान अपनी सीमावर्ती चुनौतियों व नैतिक दायित्वों का निर्वहन अनवरत रूप से कर रहे हैं। कोरोना महामारी के इस दौर में बल के जवान ने जिस निःस्वार्थ सेवाभाव से जनहित में अपनी जिम्मेदारियों का संपादन किया है वह सराहनीय है।

घर परिवार से दूर देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात प्रहरियों के लिए इस वर्ष दीपावली का त्यौहार विशेष रहा। बल कार्मिकों के उत्साहवर्धन हेतु देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं जवानों के बीच राजस्थान स्थित सीमा पोस्ट 'लोंगेवाला' पहुंचे। पर्व को बेहद विशेष बनाते हुए प्रधानमंत्री महोदय ने जव.ानों से बातचीत की व विभिन्न क्षेत्रों में तैनात सीमा प्रहरियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ श्री विपिन रावत, भारतीय सेनाध्यक्ष, श्री मनोज मुकुंद नरवाने, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना सहित बल के कई वरिष्ठ अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

गुजरात के भुज में आयोजित हुए भव्य समारोह 'सीमांत विकासोत्सव 2020' में गृहमंत्री, श्री अमित शाह, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बल द्वारा विशेष प्रदर्शनी का अयोजन किया गया जिसमें गृहमंत्री महोदय ने बल की तकनीकी क्षमताओं का आकलन करते हुए सराहना की।

कार्यभार संभालते ही बल महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल श्री राकेश अस्थाना ने विभिन्न बल स्थापनाओं के लगातार दौरे कर सीमावर्ती भौगोलिक एवं संक्रियात्मक परिस्थितियों व सुरक्षात्मक उपायों के जमींनी हालातों का आकलन किया। साथ ही बल की विभिन्न स्थापनाओं में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठकें कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बल के विभिन्न सीमांतों व नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात सीमा प्रहरी निर्बाध गति से अपने दायित्वों का संपादन कर रहे हैं। सीमावर्ती तस्करी व घुसपैठ पर अंकुश लगाने हेतु बल के जवान लगातार प्रतिबद्ध है। सिविक एक्शन, जागरूकता व जनहित अभियानों आदि के माध्यस से यह बल तैनाती स्थलों के आस–पास के लोगों में सुरक्षा की भावना बनाए रखने में कायमयाब सिद्ध हुआ है।

उपरोक्त विषयों के सचित्र आलेखों सहित अन्य ढेर सारी पठनीय सामग्री का संकलन इस पत्रिका में करने का प्रयास किया गया है। हमें आशा है कि इसके पठन से आपको बल में संचालित गतिविधियों की जानकारी हो सकेगी।

जय हिंद।

# अंदर के पन्नों में



दीपावली पर सीमा प्रहरियों को बधाई देते प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी।



प्रदर्शनी के दौरान गृहमंत्री, श्री अमित शाह व बल महानिदेशक।



मुख्यमंत्री, उडीसा, श्री नवीन पटनायक को प्रतीक चिह्न भेंट करते महानिदोक महोदय।




बीएसएफ–बीजीबी की संयुक्त बैठक के दौरान दोनो देशों के प्रतिनिधि।

1. पदोन्नतियां व संक्रियात्मक उपलब्धियां – 04

2. सीमांत गतिविधियां – 05 – 23

3. छायाचित्र दीर्घा – 24–25

4. बल महानिदेशक के दौरे – 26 – 27

5. भारतीय प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जी का बल कार्यक्रमों में आगमन – 28–31

**अध्यक्ष**
राकेश अस्थाना, महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल

**मुख्य संपादक**
सोनाली मिश्रा महानिरीक्षक, (सामान्य)

**संपादक**
कृष्णा राव, जन संपर्क अधिकारी
राजकुमार पाठक, सहायक जन संपर्क अधिकारी

**उप–संपादक**
उप–निरीक्षक, प्रशांत कुमार शर्मा

**आवरण सज्जा**

आरक्षक मनोज कुंवर
आरक्षक श्याम कुमार पीवी
आरक्षक आकाश शर्मा

**सहयोग**
निरीक्षक संदीप कुमार
मुख्य आरक्षक गुलाब सिंह

**छायांकन**
छायाचित्र अनुभाग, बल मुख्यालय
एंव सभी सीमांतों के छायाचित्र प्रकोष्ठ

# पदोन्नतियां

- समादेष्टा से उप– महानिरीक्षक – 06
- द्वितीय कमान अधिकारी से समादेष्टा – 04
- डिप्टी कमांडेंट से द्वितीय कमान अधिकारी – 04
- सहायक कमांडेट से डिप्टी कमांडेंट – 05
- निरीक्षक से सहायक कमांडेंट – 27
- उप–निरीक्षक से निरीक्षक – 10 145
- सहायक उप–निरीक्षक से उप–निरीक्षक – 79
- मुख्य आरक्षक से सहायक उप–निरीक्षक – 250
- आरक्षक से मुख्य आरक्षक – 935

## बल की संक्रियात्मक उपलब्धियां

| क्रम संख्या | अक्टूबर माह में | नवंबर माह में | दिसंबर माह में | जनवरी माह में |
|---|---|---|---|---|
| बल की अनुमानित जब्ती (रूपये में) | 1802976945 | 1636176175.72 | 1988529053.30 | 2347363625 |

## सीमावर्ती व नक्सल प्रभावित इलाकों से हथियारों की जब्ती (अक्टूबर–जनवरी)

| हथियार | कारतूस | आईईडी |
|---|---|---|
| 68 | 681 | 17 |

### आतंकवादियों, माओवादियों सहित अपराधियों का मारा या पकड़ा जाना एवं उनका आत्मसमर्पण

| क्रम संख्या | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मारे गए | 12 |
| 2. | पकड़े गए | 1574 |

# सीमांत गतिविधियां

## कश्मीर सीमांत



गणतंत्र दिवस के मौके पर शेर– ए– कश्मीर, क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित परेड के दौरान सीमा प्रहरी। परेड में कश्मीर सीमा ने प्रथम स्थान हासिल किया।



श्रीनगर बारामूला में शहीद हुए उप–निरीक्षक, श्री राकेश डोभाल को भावभिनी श्रद्धांजलि देते बल के अधिकारी व जवान।



कश्मीर में आयोजित हुए चुनावों के दौरान आंतरिक सुरक्षा हेतु पेट्रोलिंग करते सीमा प्रहरी।



केंद्रीय बलों में भर्ती के लिए श्रीनगर में आयोजित हुई भर्ती परीक्षा के दौरान मौजूद अभ्यर्थी व बल कार्मिक।



बल द्वारा बारामूला में आयोजित 'वेटरिनरी मेडीकल कैंप' के दौरान सीमावर्ती स्थानीय निवासियों के पशुओं की जांच करते बल चिकित्सक।



बोनियार क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए स्थानीय लोगों को चिकित्सा सहायता हेतु अस्पताल पहुंचाते सीमा सुरक्षा बल के जवान।

# जम्मू सीमांत



अपनी जम्मू सीमा यात्रा के दौरान जवानों से बात करते महानिदेशक, जम्मू पुलिस, श्री दिलबाग सिंह व मौजूद बल के वरिष्ठ अधिकारीगण।



जम्मू सीमांत के अंतर्गत शहीद हुए उप–निरीक्षक, श्री पाओटिसेट गुईटे की अंतिम यात्रा के दौरान सीमा सुरक्षा बल के जवान।



सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित साईकिल रैली के दौरान मौजूद साईक्लिस्ट क्लब जे एंड के व सीमावर्ती इलाकों के साईकिल सवार।




बल की बावा संस्था द्वारा आयोजित 'मास्क मेकिंग' प्रतियोगिता के दौरान बावा सदस्याएं।



जम्मू के सीमावर्ती इलाके में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दिव्यांग लोगों को ट्राईसाईकिल वितरित करते स्पेशल डीजी, श्री सुरेंद्र पंवार, महानिरीक्षक, श्री एन.एस. जमवाल व अन्य सीमा प्रहरी।



जम्मू सीमांत के अंतर्गत सीमा चौकी 'रीगल' के इलाके में बीएसएफ व स्थानीय पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में खोजी गई सुरंग।

# पंजाब सीमांत






136 बटालियन की सीमा चौकी 'पछारियां' के इलाके से चप्पल में छिपाकर लाई गई 1.959 किग्रा संदिग्ध हेरोइन।

14 बटालियन की सीमा चौकी 'कलश' के इलाके से बरामद 05 किग्रा संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।






103 बटालियन की सीमा चौकी 'रजोके' के इलाके से बरामद 05 पैकेट (लगभग 02-150 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन।

96 बटालियन की सीमा चौकी 'मोझेम बेस' के इलाके से बरामद 02 पैकेट (लगभग 02 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी जवान।







116 बटालियन की सीमा चौकी 'कुलवंत' के इलाके से बरामद 03 पैकेट (लगभग 02.435 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन, 01 पिस्टल, 01 मैगजीन और 04 नग राउण्ड।




136 बटालियन की सीमा चौकी 'बरिके' के इलाके से बरामद 07 पैकेट (लगभग 7.5 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन, 01 पिस्टल, 01 मैगजीन और 07 नग कारतूसों के साथ बल के अधिकारी व जवान।




29 बटालियन की सीमा चौकी 'जगदीश' के इलाके से बरामद 07 पैकेट (लगभग 6.750 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।




73 बटालियन की सीमा चौकी 'कोटराजदा' के इलाके से बरामद 01 प्लास्टिक बोतल से बरामद (लगभग 01.550 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।




29 बटालियन की सीमा चौकी 'जगदीश' के इलाके से बरामद 06 पैकेट (लगभग 01.720 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।




136 बटालियन की सीमा चौकी 'शमिके' के इलाके से बरामद 05 पैकेट (लगभग 05.080 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।




136 बटालियन की सीमा चौकी 'शमिके' के इलाके से बरामद 03 पैकेट (लगभग 01.960 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ बल के अधिकारी व जवान।








71 बटालियन की सीमा चौकी 'राजाताल' के इलाके में बल के सजग सीमा प्रहरियों ने 03 पैकेट (लगभग 03.250 किग्रा) संदिग्ध हेरोइन के साथ तस्करी का प्रयास कर रहे 02 पाक घुसपैठियों को मार गिराया। तालाशी के दौरान इनके पास से 01 एके 47 राईफल 02 मैगजीन, 61 कारतूस, 01 मैग्नम राईफल 01 मैगजीन, 29 कारतूस, 01 पिस्टल 02 मैगजीन, 30 रूपये पाक मुद्रा, पीवीसी पाईप आदि सामान की जब्ती की गई।

## 124 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब, द्वारा "राजा मोहत्तम शहीदी दिवस" के आयोजन की झलकियाँ













124 बटालियन के अंतर्गत जिला, फिरोजपुर में स्थित सीमा चौकी 'राजा मोहत्तम' में सीमा सुरक्षा बल द्वारा राजा मोहत्तम शहीदी दिवस का आयोजन किया गया।

प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 1971 के भारत–पाक युद्ध में बलिदान देने वाले बहादुर सीमा प्रहरियों को याद करना है। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित महानिरीक्षक, जालंधर सीमांत, श्री महीपाल यादव ने राजा मोहत्तम चौकी स्थित युद्ध स्मारक पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात अतिथि महोदय ने समारोह में आमंत्रित किए गए शहीदों के परिवारजनों को शाल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मा. नित किया।

इस मौके पर अधिकाधिक संख्या में बल के वरिष्ठ अधिकारीगण व सीमा प्रहरी मौजूद रहे।




114 बटालियन बीएसएफ व स्थानीय पुलिस के सहयोग से पकड़े गए तस्करों से बरामद जाली भारतीय मुद्रा के साथ बल के अधिकारी व जवान।



127 बटालियन की सीमा चौकी 'नीलकंठ' के इलाके से पकड़े गए संदिग्ध से बरामद सामान।



156 बटालियन के इलाके गांव मोहकमवाला के नजदीक से पकड़े गए तस्करों से बरामद 20,000 प्रतिबंधित ट्रामाडोल टेबलेट्स।



क्षेत्रीय मुख्यालय बीकानेर व स्थानीय पुलिस के सहयोग से कोविड महामारी के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित साईकिल रैली के दौरान साईक्लिस्ट्स।



156 बटालियन व एनसीबी के संयुक्त ऑपरेशन में गांव 17–एस.जे.एम के इलाके से पकड़े गए संदिग्ध से बरामद 43,800 प्रतिबंधित ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टेबलेट्स।




मुख्यालय, गंगानगर के अंतर्गत बल की सामान्य शाखा व स्थानीय पुलिस के सहयोग से पकड़े गए संदिग्धों से बरामद 23 किग्रा डोडा पोस्त।

# गुजरात सीमांत








108 बटालियन के सजग प्रहरियों ने पेट्रोलिंग के दौरान सर क्रीक के इलाके से अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ लिया। इसके पास 01 नाव व अन्य सामानों जब्ती की गई है।



142 बटालियन के सीमावर्ती इलाके में आयोजित निशुल्क मेडीकल कैंप के दौरान सीमा प्रहरी।



सहायक प्रशिक्षण केंद्र चाकोर में आयोजित 137 आरक्षकों की पासिंग आउट परेड के दौरान महानरीक्षक, श्री जी.एस. मलिक।



63 बटालियन द्वारा सीमावर्ती गांव में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं को खेल का सामान वितरित करते बल के अधिकारी व जवान।



राजस्थान सीमांत के अंतर्गत स्थित सीमावर्ती गांव में अचानक लगी आग के बाद सीमा सुरक्षा बल के मुस्तैद जवानों ने त्वरित कार्यवाही कर गांव में एक बड़ी जान–माल के नुकसान की संभावित घटना को टाल दिया। मौके पर मौजूद प्रहरी।




54 बटालियन की सीमा चौकी 'बनपुर' के इलाके से बरामद 208 अंगूठियों (लगभग 604.510 ग्राम) के साथ बल के अधिकारी व जवान।




112 बटालियन की सीमा चौकी 'हकीमपुर' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 06 सोने के बिस्किट्स के साथ बल के अधिकारी व जवान।



158 बटालियन की सीमा चौकी 'गुनारमठ' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 23 सोने के बिस्किट्स के साथ बल के अधिकारी व जवान।




08 बटालियन की सीमा चौकी 'कुमारी' के इलाके से बरामद 5.7 किग्रा चांदी के आभूषणों के साथ बल के प्रहरी।



112 बटालियन की सीमा चौकी 'बिठारी' के इलाके से बरामद 6.50 किग्रा चांदी के आभूषणों के साथ सीमा प्रहरी।



153 बटालियन की सीमा चौकी 'गोझाडांगा' के इलाके से पकड़े गए तस्करों से बरामद 9,00,000 बांग्लादेशी मुद्रा के साथ बल के अधिकारी व जवान।



158 बटालियन की सीमा चौकी 'तेंतुलबेरिया' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 21.857 किग्रा चांदी के आभूषण।




117 बटालियन की सीमा चौकी 'बामनाबाद' के इलाके से बरामद 2685 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।




117 बटालियन की सीमा चौकी 'बामनाबाद' के इलाके से बरामद 1004 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।




117 बटालियन की सीमा चौकी 'राजानगर' के इलाके से बरामद 1185 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।




117 बटालियन की सीमा चौकी 'काकमारीचार' के इलाके से बरामद 1230 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।



24 बटालियन की सीमा चौकी 'नवादा' और 'सुखदेवपुर' के इलाके से जब्त की गई 985 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल व 02 किग्रा गांजा।

# उत्तर बंगाल सीमांत



बांग्लादेश के उच्चायुक्त श्री मोहम्मद इमरान के सीमा पोस्ट 'फुलबारी' पहुंचने पर मौजूद महानिरीक्षक, श्री सुनील कुमार त्यागी व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।



उत्तर बंगाल सीमांत के सीमावर्ती बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते सीमा प्रहरी।



'ओल्ड हल्दीबारी (भारत)' व 'चिलहाटी (बांग्लादेश)' के बीच रेलसेवा की शुरूआत के मौके पर मौजूद दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारीगण।




174 बटालियन की सीमा चौकी 'अमूलिया' के इलाके से बरामद 4952 प्रतिबंधित याबा टेबलेट्स के साथ बल के सीमा प्रहरी।




26 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 75 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल।



61 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद 20 ग्राम हेरोइन, 01 लैपटॉप आदि सामान के साथ बल कार्मिक।




174 बटालियन की सीमा चौकी 'हमजापुर' के इलाके से बरामद 200 प्रति. बंधित फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




146 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़ी गई 8.900 किग्रा चांदी के साथ सीमा प्रहरी।



अवैध रूप से भारतीय सीमा में दाखिल होते 09 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा सुरक्षा बल के सजग प्रहरियों ने पकड़ लिया। तत्पश्चात आवश्यक कार्यवाही कर सद्भावना स्वरूप पकड़े गए नागरिकों को बीजीबी को सौंपते बल के अधिकारी व जवान।




174 बटालियन की सीमा चौकी 'हमजापुर' के इलाके से बरामद 173 प्रति. बंधित फेंसिडिल बोतल के साथ बल के अधिकारी व जवान।




सीमांत मुख्यालय, उत्तर बंगाल में आयोजित 'नशामुक्ति अभियान' के दौरान सीमा प्रहरी।



मैत्री साईकिल रैली के 51 बटालियन की सीमा चौकी 'फुलबारी' पहुंचने पर उसका स्वागत करते सांसद, दाजर्लिंग श्री राजू बिस्ता, महानिरीक्षक, श्री सुनील कुमार त्यागी व मौजूद अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

# गुवाहाटी सीमांत



38 बटालियन की सीमा चौकी 'नारायणगंज' के इलाके से पकड़ी गई महिला तस्कर से बरामद 42.2 किग्रा गांजा के साथ सीमा प्रहरी।



100 बटालियन की सीमा चौकी 'चित्रकूट' के इलाके से बरामद 860 प्रतिबंधित याबा टेबलेट्स व 12 किग्रा गांजा के साथ बल कार्मिक।



100 बटालियन की सीमा चौकी 'सिताई' के इलाके से बरामद 18 किग्रा गांजा, 30 शराब की बोतल व प्रतिबंधित 710 बोतल फेंसिडिल के साथ बल के जवान।




38 बटालियन की सीमा चौकी 'कराला' के इलाके से बरामद प्रतिबंधित 1926 याबा टेबलेट्स व 325 बोतल फेंसिडिल बोतल के साथ बल कार्मिक।




140 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से 640 ग्राम अफीम के साथ पकड़े गए भारतीय तस्कर।



41 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए गो तस्कर के साथ बल के अधिकारी व जवान।




192 बटालियन की सीमा चौकी 'चौधरी हाट' के इलाके से बरामद 43 किग्रा गांजा के साथ सीमा प्रहरी।



192 बटालियन की सीमा चौकी 'चौधरी हाट' के इलाके से 17 बंडल कपड़ों के साथ बल के जवान।



47 बटालियन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में लगाई गई शस्त्र प्रदर्शनी के दौरान सीमा प्रहरी।




41 बटालियन की सीमा चौकी 'एम/चार' के इलाके से पकड़े गए तस्कर के साथ सीमा प्रहरी।



129 बटालियन की सीमा चौकी 'बिलतारी' के इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद गांजा के साथ बल कार्मिक।



41 बटालियन के जलीय सीमा क्षेत्र से पकड़े गए पशुओं के साथ सीमा प्रहरी।

# मेघालय सीमांत



आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों में तैनात सीमा प्रहरी।



मेघालय सीमांत के सीमावर्ती इलाके से पकड़ी पकड़ी गई सूखी मटर के साथ सीमा प्रहरी।



30 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए भारतीय तस्करों से बरामद सामान के साथ बल के जवान।



43 बटालियन के सीमावर्ती इलाके में तालाशी के दौरान पकड़े गए ट्रक से बरामद 8250 किग्रा सुपारी के साथ बल के अधिकारी व जवान।



170 बटालियन के सीमावर्ती गांव 'महेशखोला' के इलाके में आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम के दौरान बल के अधिकारी व जवान।



97 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद पशुओं के साथ बल के जवान।

# मिजोरम और कछार सीमांत



चुनावी ड्यूटी के दौरान एडहॉक बटालिन 443 के सीमा प्रहरी।



मिजोराम और कछार सीमांत के सीमावर्ती इलाकों से पकड़े गए तस्करों से बरामद प्रतिबंधित 20000 याबा टेबलेट्स के साथ बल कार्मिक।



बीएसएफ व बीजीबी के बीच सद्भावना मीटिंग के दौरान दोनों देशों के अधिकारी व जवान।



113 बटालियन के सीमावर्ती इलाके में लोगों को मास्क वितरित करते सीमा प्रहरी।



मिजोराम और कछार सीमांत के सीमावर्ती इलाके 'शांतिपुर' से पकड़े गए तस्करों से बरामद प्रतिबंधित 202.92 ग्राम ब्राउनशूगर(संभावित) व अन्य




01 बटालियन की सीमा चौकी 'भंगा' के इलाके से पकड़े गए पशुओं के साथ सीमा प्रहरी।

# त्रिपुरा सीमांत



जम्मू–कश्मीर के माछिल सेक्टर में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए आरक्षक सुदीप सरकार को श्रद्धांजलि देते महानिरीक्षक, श्री सुशांत कुमार नाथ व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।




120 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त की गई कार से बरामद 60 किग्रा गांजा।




बांग्लादेश की आजादी के 50 वर्ष होने पर बेलोनिया, त्रिपुरा के मैत्री उद्दयन पार्क स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक, सुशांत कुमार नाथ व अन्य सीमा प्रहरी।




सीमांत मुख्यालय, त्रिपुरा में सीमावर्ती मुद्दों को लेकर आयोजित बीएसएफ व बीजीबी प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद दोनों देशों के गणमान्य प्रतिनिधि।




सीमा चौकी 'आशाबारी' के इलाके से जब्त की गई 28 किग्रा गांजा के साथ बल कार्मिक।



74 बटालियन के इलाके स्थित गांव 'कायादेपा' के इलाके में गैरकानूनी गांजे की खेती को नष्ट करते बल के जवान।





कोरोना बीमारी जनित चुनौतियों व कठिनाईयों सहित विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच अपना जीवन यापन करते सीमावर्ती स्थानीय लोगों को सीमा सुरक्षा बल सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से हर संभव मदद मुहैया करा रहा है। ऐसे ही एक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सिलाई मशीन व स्कूली बच्चों को साईकिल वितरण के दौरान सीमा प्रहरी व मौजूद स्थानीय लोग।



80 बटालियन के सीमावर्ती गांव 'डिगयाबारी' में निशुल्क मेडीकल कैंप के दौरान स्थानीय लोग व मौजूद सीमा प्रहरी।




सीमा चौकी 'रहीमपुर' के इलाके से पकड़े गए 34 किग्रा गांजा के साथ बल कार्मिक।



74 बटालियन के इलाके स्थित गांव 'पुरातल राजनगर' के इलाके में गैरकानूनी गांजे की खेती को नष्ट करते बल के जवान।




74 बटालियन की सीमा चौकी 'मतीनगर' के इलाके से जब्त 18 किग्रा गांजा, 24 प्रतिबंधित फेंसिडिल बोतल के साथ जवान।



आंध्रप्रदेश सीमा के नजदीक मलकानगिरी के 'बिजंगीवाड़ा' के इलाके से बरामद 200 जिलेटिन छड़ें।



मलकानगिरी के 'गुरासेथु' इलाके से बरामद आईईडी जिन्हे बल सदस्यों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया।



15 बटालियन की सीओबी 'गोविंदपल्ली' के इलाके से जब्त किए गए हथियार व गांजा के साथ बल के जवान।



160 बटालियन के इलाके में स्थित गांव 'तेमूरपल्ली'में गर्भवती महिला के अचानक खून की आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करता सीमा प्रहरी।



मलकानगिरी इलाके से बरामद किए गए आईईडी बनाने का सामान।




सीओबी 'के–गुम्मा' के इलाके में सक्रिय महिला नक्सली लच्छी खारा के आत्मसमर्पण करने के दौरान बीएसएफ व स्थानीय पुलिस अधिकारी।



82 बटालियन की सीओबी 'करकापाल' के इलाके से बरामद प्रेशर कूकर आईईडी।



छत्तीसगढ़, कांकेर के 'अबूझमार' इलाके से बरामद आईईडी।



छत्तीसगढ़, नारायणपुर के 'मौलीमोड़' इलाके से बरामद हथियार व अन्य सामान के साथ बल के सीमा प्रहरी।




छत्तीसगढ़ में नक्सलियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के डराए व भड़काए जाने के बाद इलाके में स्थापित होने वाली नई सीओबी 'कामतेरा' और 'कटगांव' के विरोध में धरने पर बैठे स्थानीय लोग।




167 बटालियन की सीओबी 'कोधापाखा' के इलाके में सफाई अभियान चलाते सीमा प्रहरी।



छत्तीसगढ़, कांकेर के माड इलाके में सीओबी 'कामतेरा' की स्थापना के दौरान सीमा प्रहरी।

# छायाचित्र दीर्घा







सीमांत मुख्यालय दक्षिण बंगाल में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना, अपर महानिदेशक (पूर्वी कमान), श्री पंकज कुमार सिंह, महानिरीक्षक, श्री अश्विनी कुमार सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।






सीमा सुरक्षा बल व बार्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच आयोजित 51वीं महानिदेशक स्तरीय बैठक के आयोजन पर गुवाहाटी पहुंचे महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व अन्य वरिष्ठअधिकारीगण। वहीं संयुक्त छायाचित्र के दौरान बीएसएफ व बीजीबी दल के गणमान्य सदस्य।





नियंत्रण रेखा पर तैनात अधिकारियों व जवानों के साथ मुलाकात करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना, अपर महानिदेशक (पश्चिमी कमान), श्री सुरेंद्र पंवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण। वहीं बल कार्मिकों की युद्धक क्षमताओं का आकलन करते महानिदेशक महोदय।



मुख्यमंत्री, उडीसा, श्री नवीन पटनायक से मुलाकात करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना।



नक्सल प्रभावित इलाकों के दौरे पर स्थानीय लोगों से बातचीत करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना।



छत्तीसगढ़, गर्वनर, श्रीमती अनुसूल्या उइके से मुलाकात करते महानिदेशक, बीएसएफ, श्री राकेश अस्थाना व एडिशनल डीजी (ऑप्स) डॉ.एस.एल. थाओसेन।



नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात जवानों से बातचीत करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व मौजूद अन्य सीमा प्रहरी।



उडीसा, गर्वनर, श्री गणेशी लाल जी से मुलाकात करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व मौजूद वरिष्ठ अधिकारीगण।



महानिदेशक, उडीसा पुलिस, श्री आर.पी. शर्मा को प्रतीक चिह्न भेंट करते महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना।

# बल महानिदेशक का गुजरात दौरा



गुजरात सीमांत के सीमावर्ती इलाकों की जानकारी लेते महानिदेशक, श्री राकेश अस्थाना।



जलीय सीमा का जायजा लेते महानिदेशक महोदय।




63 बटालियन परिसर का दौरा करते महानिदेशक महोदय।




गुजरात सीमांत परिसर में ई–रिक्शा सुविधा का शुभारंभ करतीं बावा अध्यक्षा श्रीमती अनु अस्थाना।




सीमांत परिसर में 'चिल्ड्रेन ट्रैफिक पार्क' का अनावरण करते महानिदेशक महोदय।



सीमा प्रहरी से बातचीत करते महानिदेशक महोदय।

# बल महानिदेशक का पंजाब दौरा

गणतंत्र दिवस के मौके पर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना ने क्षेत्रीय मुख्यालय, खासा (अमृतसर) का दौरा किया। इस मौके पर महोदय ने बल के सभी सीमा प्रहरियों से राष्ट्र की एकता व अखंडता को सदैव बनाए रखने का आह्वान करते हुए 72वें गणतंत्र दिवस की बधाई दीं। इस दौरान महोदय ने संयुक्त जांच चौकी, अटारी, (अमृतसर) में आयोजित विशेष रिट्रीट सेरेमनी परेड में बतौर मुख्य अतिथि परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। अपनी इस यात्रा के दौरान महोदय ने सीमावर्तीय इलाकों का भी जायजा लिया तथा ऑपरेशनल, प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया।



परेड के दौरान सलामी लेते महानिदेशक महोदय श्री राकेश अस्थाना।



सीमा प्रहरियों से बातचीत करते महानिदेशक महोदय।



अटारी बार्डर पर जवानों के उत्साहवर्धन स्वरूप चेक भेंट करते महा. निदेशक महोदय।




सीमा प्रहरियों को फलों का टोकरा भेंट करते महानिदेशक महोदय।




भारतीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी







दीपावली के मौके पर भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सीमा पोस्ट 'लोंगेवाला' का दौरा किया। इस दिन को विशेष बनाते हुए महोदय ने जवानों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना और सभी सीमा प्रहरियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ श्री विपिन रावत, भारतीय सेनाध्यक्ष, श्री मनोज मुकुंद नरवाने, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना, महा. निरीक्षक, राजस्थान सीमांत, श्री आयूष मणि तिवारी सहित बी.एस.एफ. तमाम वरिष्ठ अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं बल कार्मिकों ने भाग लिया।







राष्ट्रीय एकता दिवस' पर ' केवड़िया, गुजरात में आयोजित भव्य समारोह समारोह के मौके प्रधानंमत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने केंद्रीय सशस्त्र बलों की सलामी ली।



गुजरात के भुज में आयोजित भव्य समारोह 'सीमांत विकासोत्सव 2020' कार्यक्रम के दौरान मौजूद गृहमंत्री, श्री अमित शाह, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश अस्थाना व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

इस मौके पर बल द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में गृहमंत्री महोदय ने बल की तकनीकी क्षमताओं का भी जायजा लिया।





## कोविड–19 संकट

हाथ जोड़कर प्रधान सेवक विनम्र निवेदन कर रहा ।
देश बचेगा कोरोना महामारी से अगर प्रत्येक व्यक्ति घर रहा ।।
रहे देश सुरक्षित इस महामारी से, प्रधान की यही प्रार्थना है ।
आप बचेगें देश बचेगा, प्रभू से यही बस कामना है ।।

ऐसी स्थिति में देश खड़ा, तोड़े नियम तो संकट बहुत बड़ा ।
अगर संकट में देश हुआ, तो वर्षों पीछे भविष्य गया ।।
हाथ जोड़कर विनती सबसे, सुनो बहन और भाई ।
घर रहकर व बार–बार हाथ धोकर ही करें महामारी से लड़ाई ।।

घर पर रहे–सुरक्षित रहें, लड़ने का एकमात्र उपाए ।
इसके अलावा कोई उपचार नहीं, जो इस महामारी से हमें बचाए ।।
प्रेरणा लें उन वीरों से जो देश के लिए बलिदान दे गए ।
सालों तक काल–कोठरी में रहे, काला–पानी की सजा पर गए ।।

क्या हम इतने नालायक हैं, जो ये भी नहीं कर सकते हैं ।
संकट से देश बचाने को, क्या कुछ दिन घर नहीं रूक सकते हैं ।।
मैं करता प्रधान का समर्थन हूं, आप सब भी कदम बढ़ाएं ।
लॉकडाऊन का पालन करें, देश को कोविड–19 संकट से बचाएं।

नं –050015502, उप–निरी. (अनु)
अमित सिंह तंवर
कार्मिक निदे. (स्टॉफ सेक्शन)


BSF
www.bsf.gov.in
OfficialPageBSF
BSF_India
BSF India
bsf_india